# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Paper 1**

## Key messages

In order to do well candidates should:

- read all parts of a question carefully
- identify the key words and respond to the command words in the question
- understand the context of text beyond individual words to identify what is not explicitly stated but is implicit in the writer's intention.
- answer only what the question is asking and not everything they know
- check their answer against the question
- engage in vocabulary development by creating a concise glossary linked to contemporary topics, such as health, tourism, technology, culture and social issues
- secure language proficiency by learning grammatical components, such as sentence structure, punctuation, conjunctions, case markers, tenses, appropriate style and register
- Use the mark allocation as a guide. The mark allocation indicates the number of specific relevant points that need to be made in an answer
- ensure handwriting is clear and easy to read.

## General comments

- Most candidates were well-prepared for the examination. The overall performance varied from satisfactory to very good.
- Stronger candidates showed commendable engagement in answering comprehension questions by understanding the context of various texts.
- Weaker candidates tended to lift their answers from the text without grasping the context of the question.
- Writing tasks were mostly focused on the issues, supported by valid arguments and followed a structured approach for continuous writing.
- Weaker candidates' written works showed inconsistent use of style and register, lack of control of simple structures, linking words and punctuation marks.

**Strengths** – In the reading section, candidates were able to answer general and information-based questions. In the writing section, candidates were able to adhere to the word limit and include the necessary points as per the demand of the question.

**Weakness** – While reading, some candidates seemed almost unable to answer indirect and meaning-oriented questions. There was a lack of clarity in the answers to **Exercise 3**. Candidates were able to develop the ideas well, but some points were missing or repeated, especially in **Exercise 6**. However, all exercises in the writing section were understandable despite many grammatical errors.

## Comments on specific questions

***Section A***

**Exercise 1 Questions 1–6**

Candidates were asked to read a passage and write short answers to questions based on the passage.


© 2025

Some candidates could not answer **Questions 2** and **5** correctly but the rest of the questions were generally well answered.

**Question 5** was correctly answered by stronger candidates only. The key word, 'पद्धति' was not understood by some candidates. Many candidates referred to Sister Nivedita's work on women's education, which was one of the answers to **Question 6**.

**Exercise 2 Questions 7–15**

This exercise required candidates to read a passage and select the correct answer by ticking the appropriate option. Although many candidates performed well, some found this section challenging. A few relied heavily on identifying key words without reading the surrounding text carefully, which led to incorrect responses for **Question 15**. **Question 15** assessed R3 – to deduce meaning of unfamiliar words/phrases by reading the information around it and making inferences. Many of the weaker candidates struggled to answer it correctly.

**Exercise 3 Questions 16–19**

Candidates were required to read a text to compare remote working with working from the office. Most candidates were able to engage with the text to perform well in this section. For **Question 16** some candidates were unable to write both the answers 'पदोन्नति के अधिक अवसर' and 'उत्पादकता में बढ़ोत्तरी'. Weaker candidates mixed up their answers for **Questions 17** and **18**. They needed to scan the text to get to the correct answer. There is implication for learning the vocabulary of contemporary topics. Some candidates did not understand the meaning of the key word 'पर्यावरणीय' in **Question 18**. **Question 19** was mostly answered well.

**Exercise 4 Question 20 (C), 20 (L)**

Summary writing task involves summarising main points of a given text. Content and Language marks are awarded separately**.** The task was to summarise the passage they read in the previous exercise.

Many candidates used their own words and kept to the word-limit for summarising the text. The summary writing skill consists of focussing on the main points of the text and a concluding remark. Some succinct and concise summaries were a pleasure to mark. Inconsistency in spelling, punctuation and grammatical structures were evident in many responses. Only the strongest candidates showed the ability to use a wide range of language including complex structures effectively. A lack of control, even in using simple structures, were evident in weaker answers. Overall, the task was attempted successfully.

**Exercise 5 Question 21 (C), 21 (L)**

The task was to write an email to apply for a job in a newspaper office. Most candidates were able to understand the criteria of the task and write an appropriate email with the necessary information. Some struggled to follow the correct format and missed out writing about their educational qualifications in their application to qualify them for the job and didn't organise their thoughts in separate paragraphs.

**Exercise 6 Question 22 (C), 22 (L)**

All candidates engaged with the task to discuss whether health is more important than money. Some candidates confused financial health with mental health. It was good to see that this misunderstanding did not deter anyone from giving a good response. They gave a sound response within their understanding, providing logical reasoning for their argument.

Candidates need to maintain register and style consistently throughout their composition. Mixing formal and informal register can be confusing. It is important to show awareness of audience and adopt an appropriate register accordingly.


© 2025

# हिंदी द्‌वितीय भाषा के रूप में

**पेपर 0549/01**

**पठन और लेखन**

**मुख्य संदेश**

इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षार्थियों को चाहिए:

- प्रश्न के सभी भागों को ध्यान से पढ़ें
- मुख्य शब्दों की पहचान करें और प्रश्न में दिए गए आदेशों के उत्तर दें
- अलग-अलग शब्दों से परे पाठ के संदर्भ में उसके अर्थ को समझने का अभ्यास करें। पढ़ते समय यह पहचाने कि क्या स्पष्ट रूप से नहीं कहा गया है लेकिन लेखक के उद्‌देश्य में अंतर्निहित है
- केवल संपूर्ण प्रश्न का ही उत्तर दें न कि वह सब कुछ जो वे जानते हैं
- प्रश्न के आधार पर अपने उत्तर की जाँच करें
- स्वास्थ्य, पर्यटन, प्रौद्‌योगिकी, संस्कृति और सामाजिक मुद्‌दों जैसे समकालीन विषयों से जुड़ी संक्षिप्त शब्दावली बनाकर शब्दावली-विकास में संलग्न हों
- वाक्य संरचना, विराम चिह्न, समुच्चयबोधक शब्द,  कारक चिह्न, काल, उपयुक्त शैली और रजिस्टर जैसे व्याकरणिक घटकों को सीखकर भाषा-दक्षता हासिल करें
- प्रश्न के लिए उपलब्ध अंकों के अनुसार उत्तर दें। प्रश्न के अंकों की संख्या उत्तर में शामिल किए जाने वाले अपेक्षित बिंदुओं की संख्या को इंगित करती है
- सुनिश्चित करें कि लिखावट स्पष्ट और पढ़ने में आसान हो।

**सामान्य टिप्पणियाँ**

- अधिकांश परीक्षार्थी परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार थे। उनका समग्र प्रदर्शन संतोषजनक से लेकर बहुत अच्छा तक रहा।
- सशक्त परीक्षार्थियों ने विभिन्न पाठों के संदर्भ को समझकर प्रश्नों के उत्तर देने में सराहनीय भागीदारी दिखाई।
- कमजोर परीक्षार्थियों ने प्रश्न के संदर्भ को समझे बिना पाठ के वाक्यों को ज्यों का त्यों उठाकर लिखने की कोशिश की।
- लिखित-कार्य ज्यादातर मुद्‌दों पर केंद्रित थे, उचित तर्कों द्‌वारा समर्थित थे और निरंतर-लेखन के लिए एक संरचनात्मक तरीके का पालन किया गया था।
- कमजोर परीक्षार्थियों के लिखित-कार्यों में शैली और रजिस्टर का असंगत उपयोग, सरल संरचनाओं पर नियंत्रण की कमी, शब्दों/ उपवाक्यों को जोड़ने वाले शब्द और विराम चिह्नों का अभाव दिखा।


© 2025

**शक्तियाँ**

पठन अनुभाग में, परीक्षार्थी सामान्य और सूचना-आधारित प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम थे। लेखन अनुभाग में, परीक्षार्थी  शब्द सीमा का पालन करने और प्रश्न की माँग के अनुसार आवश्यक बिंदुओं को शामिल करने में सक्षम थे।

**कमजोरी**

पढ़ते समय, कुछ परीक्षार्थी अप्रत्यक्ष और अर्थ-उन्मुख प्रश्नों का उत्तर देने में लगभग असमर्थ दिखे। अभ्यास 3 के उत्तरों में स्पष्टता की कमी थी। परीक्षार्थी विचारों को अच्छी तरह से विकसित करने में सक्षम थे, लेकिन कुछ बिंदु गायब थे या दोहराए गए थे, खासकर अभ्यास 6 में। हालाँकि, लेखन अनुभाग के सभी अभ्यासों में व्याकरण संबंधी कई त्रुटियाँ थीं, फिर भी उनके अर्थ समझ में आ रहे थे।

## <u>विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ</u>

***खंड A***

**अभ्यास 1 प्रश्न 1–6**

परीक्षार्थियों को एक गद्यांश पढ़ने और उस पर आधारित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखने के लिए कहा गया था|

कुछ परीक्षार्थी **प्रश्न 2** और **5** का सही उत्तर नहीं दे पाए, लेकिन बाकी प्रश्नों के उत्तर आम तौर पर अच्छे थे।

**प्रश्न 5** का सही उत्तर केवल सशक्त परीक्षार्थियों ने दिया। कुछ परीक्षार्थियों को मुख्य शब्द, ‘पद्धति’ समझ में नहीं आया। कई परीक्षार्थियों ने प्रश्न 5 के उत्तर में महिला शिक्षा पर सिस्टर निवेदिता के काम का उल्लेख किया, जो **प्रश्न 6** के उत्तरों में से एक था।

**अभ्यास 2 प्रश्न 7–15**

इस अभ्यास में परीक्षार्थियों को एक गद्यांश पढ़ना था और उचित विकल्प पर सही का निशान लगाकर सही उत्तर चुनना था। हालाँकि कई परीक्षार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ को यह खंड चुनौतीपूर्ण लगा। कुछ ने आस-पास के पाठ को ध्यान से पढ़े बिना मुख्य शब्दों की पहचान करने पर बहुत अधिक भरोसा किया, जिसके कारण **प्रश्न 15** के लिए गलत उत्तर मिले। **प्रश्न 15** में R3 का मूल्यांकन किया गया है - जिसके अनुसार अपरिचित शब्दों/वाक्यांशों का अर्थ उसके आस-पास की जानकारी को पढ़कर और अनुमान लगाकर निकालना होता है। कई कमज़ोर परीक्षार्थियों को इसका सही उत्तर देने में संघर्ष करना पड़ा।

**अभ्यास 3 प्रश्न 16–19**

परीक्षार्थियों को कार्यालय से काम करने के साथ दूरस्थ कार्य की तुलना करने के लिए एक पाठ पढ़ना आवश्यक था। अधिकांश परीक्षार्थी इस खंड में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पाठ के साथ जुड़ने में सक्षम थे। **प्रश्न 16** के लिए कुछ परीक्षार्थी ‘पदोन्नति के अधिक अवसर’ और ‘उत्पादकता में बढ़ोतरी’ दोनों उत्तर लिखने में असमर्थ थे। कमज़ोर परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 17** और **18** के लिए अपने उत्तरों को मिला दिया। उन्हें सही उत्तर पाने के लिए पाठ को स्कैन


© 2025

करना चाहिए था। समकालीन विषयों से संबंधित शब्दावली सीखने की आवश्यकता है। कुछ परीक्षार्थियों को **प्रश्न 18** में मुख्य शब्द 'पर्यावरणीय' का अर्थ समझ में नहीं आया। **प्रश्न 19** का उत्तर अधिकतर सही दिया गया।

**अभ्यास 4 प्रश्न 20 (C), 20 (L)**

सारांश लेखन कार्य में किसी दिए गए पाठ के मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत करना शामिल है। विषय-वस्तु और भाषा के अंक अलग-अलग दिए जाते हैं। कार्य पिछले अभ्यास में पढ़े गए अंश को संक्षेप में प्रस्तुत करना था। कई परीक्षार्थियों ने अपने शब्दों का उपयोग किया और पाठ को संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए शब्द-सीमा का पालन किया। सारांश लेखन कौशल में पाठ के मुख्य बिंदुओं और समापन टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। कुछ स्पष्ट और संक्षिप्त सारांशों को अंक देना सुखद था। कई उत्तरों में वर्तनी, विराम चिह्न और व्याकरणिक संरचनाओं में असंगति स्पष्ट थी। केवल सबसे सशक्त परीक्षार्थियों ने जटिल संरचनाओं सहित भाषा की विविधता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता दिखाई। सरल संरचनाओं का उपयोग करने में भी नियंत्रण की कमी, कमजोर उत्तरों में स्पष्ट थी। कुल मिलाकर, कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**अभ्यास 5 प्रश्न 21 (C), 21 (L)**

एक समाचार पत्र के कार्यालय में नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए एक ईमेल लिखना था। अधिकांश परीक्षार्थी कार्य के मानदंडों को समझने और आवश्यक जानकारी के साथ एक उचित ईमेल लिखने में सक्षम थे। कुछ को सही प्रारूप का पालन करने में संघर्ष करना पड़ा और नौकरी के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित करने के लिए अपने आवेदन में अपनी शैक्षिक योग्यता के बारे में लिखना भूल गए और अपने विचारों को अलग-अलग अनुच्छेदों में व्यवस्थित भी नहीं किया।

**अभ्यास 6 प्रश्न 22 (C), 22 (L)**

सभी परीक्षार्थी इस विषय पर चर्चा करने के लिए कार्य से जुड़े कि क्या स्वास्थ्य पैसे से अधिक महत्वपूर्ण है। कुछ परीक्षार्थियों ने आर्थिक स्वास्थ्य को मानसिक स्वास्थ्य के साथ भ्रमित किया। यह देखना अच्छा था कि इस गलतफहमी ने किसी को भी अच्छा जवाब देने से नहीं रोका। उन्होंने अपनी समझ के अनुसार एक ठोस जवाब दिया, अपने विचारों की पुष्टि करने के लिए उचित तर्क प्रदान किए।

परीक्षार्थियों को अपनी रचना के दौरान लगातार रजिस्टर और शैली बनाए रखने की आवश्यकता है। औपचारिक और अनौपचारिक शैली को मिलाना भ्रामक हो सकता है। पाठक के प्रति जागरूकता दिखाना और उसके अनुसार एक उपयुक्त रजिस्टर अपनाना महत्वपूर्ण है।



© 2025

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**
**Paper 2**

## Key messages

In order to do well in this examination, candidates should:

- Write their answers as clearly as possible so that the meaning can be understood.
- Take care to include all the relevant details in their answers to the questions in **Exercise 3**.

## General comments

Overall, candidates performed quite well in this examination and the full range of ability was observed. Most candidates attempted all the questions in the paper, but some candidates left some parts blank.

For this component, credit is given for communication of the correct information. Answers are not assessed for accuracy of spelling and grammar. However, if language errors change the meaning or the meaning is unclear, the answer cannot be given credit.

## Comment on specific questions

**Exercise 1**

**Questions 1–6**

The majority of the candidates performed reasonably well on this exercise. **Questions 1–6** require short answers, and most candidates fared well. There were variations in the spelling of some words. Some of the words are part of basic vocabulary and candidates are expected to be able to spell them correctly. Marks were awarded if the misspelled word did not change the meaning, but not for answers where it changed the meaning such as, for example, instead of 'badh' which mean flood 'बाढ़' many candidates wrote 'बाड़' with different spelling which change the meaning to 'fence'.

**Question 1**

This was mostly answered correctly by candidates.

**Question 2**

Most of the candidates answered this correctly, but a good proportion of candidates missed 'mango' and just wrote a type of mangoes 'दशहरी'. The answer was 'दशहरी आम' or just 'आम'.

**Question 3**

Most candidates answered this correctly and achieved the mark.

**Question 4**

Many candidates gave the correct answer, but some candidates answered incorrectly with '**कांच** का जाल' which changes the meaning or 'थर्मामीटर' which is a wrong answer.


© 2025

**Question 5**

This was accessible to the many candidates but of some candidates missed the key word 'जलूस'.

**Question 6**

Lots of candidates could not answer this correctly. The answer was 'पुलिस के पात्र से' or 'पुलिस अफसर से' but they wrote 'पुलिस', or 'पुलिस अवसर' with a spelling error, hence the meaning was changed.

**Question 7(i)–(viii)**

Candidates were required to fill in the blank spaces with the appropriate word. There was a variation of answers in this section, but many candidates picked up the words from the audio well and answered the question properly and scored the marks except **7(f)** – answering with 'शिक्षित शिक्षण' instead of 'शिक्षा' and **7(h)** – 'निडर, सुरक्षा, आज़ादी, स्वतंत्रता, रात में सड़को पर चलने में' instead of 'निडरता' and couldn't achieve marks in these sections.

**Questions 8–15**

These questions were intended to be more challenging. Attention to detail, grammar and the use of precise vocabulary were required. Some still offered one or two-word answers with insufficient detail which led to marks being lost.

**Question 8**

Most candidates lost their marks because of spelling errors like – बाड़, बाड, बाद, भाड़, बांड, बहाड. Only a few were able to give the correct answer which was 'बाढ़'.

**Question 9**

Many candidates wrote the wrong answer – मोलाई, मोलाई की लकड़ी, बांस, मोलाई की काठी. The correct answer was 'कोठानी'.

**Question 10**

Many candidates understood the question and were able to give correct answers, but some students made spelling errors – धीरज, धूम, धुल, झूम दुम.

**Question 11**

There were some candidates who could give the correct answer whereas some did not give a correct answer, they wrote only-पुवोत, पूर्वोत्तर अभिशान्ति, गभीशपि, भारत के पूर्वतक अभिषारथी.

**Question 12**

This question was correctly answered by the majority of candidates. Only weaker candidates struggled with it, suggesting it was relatively straightforward for most. However, due to spelling mistakes or wrong answers such as शव, लाशों, मरक, मरकट, मर्कट, मरे हुए. The correct answer was 'मरघट'.

**Question 13**

Only a few candidates gave the answer correctly. Other candidates lost their marks because they wrote – बात पकड़ कर, गाँठ बांधकर, जानवरों को मरा देख कर, चर्चा देखकर, विनाशलीला देखकर. The correct answer was 'गांव की बातचीत सुनकर' or 'बातचीत सुनकर' and 'बात सुनकर'.


© 2025

**Question 14**

Some candidates answered this question correctly, while others provided either random or grammatically incorrect answers, like पक्षी, जीव जंतुओं, जंतुओं which resulted in lost marks.

**Question 15**

This was the quite challenging and many tried to answer but did not fit grammatically.

Only some of the candidates were able to give the correct answer whereas most of them lost their marks because of wrong answers like – पेड़ पौधे, सुंदरता, प्राकृतिक, संस्कृति, प्राकृतिक आकर्षण.

**Questions 16–23**

These were multiple choice questions. Candidates needed to select the correct answer out of three choices. Many candidates scored higher marks in this section. **Questions 16, 17, 19, 20, 22** – Most of the candidates were able to give correct answers. **Questions 18** and **21** – some of them chose the wrong option, either A or C. **Question 23** – Only some of the students answered correctly while some candidates lost their marks as they chose option A or B.

**Summary**

Candidates should listen to the recording very carefully and develop techniques and strategies to enable them to identify and select appropriate details for their answers. There is a need to work on emerging Hindi vocabulary to access some questions and also to focus on sounds and letters, paying particular attention to similar-sounding letters. Teachers should also try dictation activities with their candidates regularly in class. Candidates should get as much practice as possible at listening exercises or news in class and attempt past papers under timed conditions. All this would certainly help to raise the overall standard.


© 2025

# श्रवण पेपर दूसरी भाषा के रूप में

**पेपर 0549/02**

**पेपर 2**

**विशेष टिप्पणी**

इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षार्थियों को चाहिए:

- अपने उत्तर यथासंभव स्पष्ट लिखें ताकि अर्थ समझा जा सके।
- अभ्यास 3 के प्रश्नों के उत्तर में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल करने का ध्यान रखें।

**सामान्य टिप्पणियां**

कुल मिलाकर, इस परीक्षा में परीक्षार्थियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और उनकी योग्यता की पूरी श्रृंखला देखी गई। अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों को हल किया, लेकिन कुछ परीक्षार्थियोंने उन्हें खाली छोड़ दिया।

इस पेपर में, सही जानकारी के संचार के लिए क्रेडिट दिया जाता है। उत्तरों का मूल्यांकन वर्तनी और व्याकरण की शुद्धता के लिए नहीं किया जाता है। हालाँकि, यदि भाषा की त्रुटियों के कारण अर्थ बदल जाता है या अर्थ स्पष्ट नहीं होता है, तो उत्तर को क्रेडिट नहीं दिया जा सकता है।

**विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ**

**अभ्यास 1**

**प्रश्न 1–6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। **प्रश्न 1–6** के लिए संक्षिप्त उत्तर की आवश्यकता थी, और अधिकांश परीक्षार्थियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ शब्दों की वर्तनी में भिन्नता थी। इनमें से कुछ शब्द बुनियादी शब्दावली का हिस्सा हैं और परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उनकी वर्तनी सही ढंग से लिख सकें। यदि ग़लत वर्तनी वाले शब्द से अर्थ नहीं बदलता तो अंक दिए जाते थे, लेकिन उन उत्तरों के लिए नहीं जहाँ अर्थ बदल जाता था जैसे कि ,उदाहरण के लिए प्रश्न 8 flood 'बाढ़' 'की जगह' बहुत से परीक्षार्थियों ने 'बाड़' लिखा, जिससे शब्द का अर्थ fence में बदल गया।

CAMBRIDGE
International Education

© 2025

**प्रश्न 1**

इसका उत्तर अधिकतर परीक्षार्थियों ने सही दिया गया। कई परीक्षार्थियों ने 'चैंपियन' लिखा। वर्तनी में बहुत सारी भिन्नताएं मौजूद थीं।

**प्रश्न 2**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिया, लेकिन काफी संख्या में परीक्षार्थियों ने ने 'आम' लिखना छोड केवल एक answered this correctly and achieved the mark प्रकार का आम 'दशहरी' लिख दिया। इसका उत्तर था 'दशहरी आम' या केवल आम'।

**प्रश्न 3**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इसका सही उत्तर दिया और अंक प्राप्त किया।

**प्रश्न 4**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिया, लेकिन कुछ ने गलत उत्तर दिया जैसे 'कांच का जाल' जिससे अर्थ बदल जाता है या 'थर्मामीटर' जो गलत उत्तर है।

**प्रश्न 5**

यह कई परीक्षार्थियों के लिए सुलभ था, लेकिन कुछ अभ्यर्थी मुख्य शब्द 'जलूस' भूल गए।

**प्रश्न 6**

बहुत से परीक्षार्थियों ने इसका सही उत्तर नहीं दिया । उत्तर था 'पुलिस के पात्र से' या 'पुलिस अधिकारी से', लेकिन उन्होंने 'पुलिस' या 'पुलिस अवसर' वर्तनी की गलती से लिख दिया, इसलिए अर्थ बदल गया।

**प्रश्न 7**

परीक्षार्थियों को रिक्त स्थानों को उचित शब्द से भरना था। इस खंड में उत्तरों में भिन्नता थी, लेकिन कई परीक्षार्थियों ने ऑडियो से शब्दों को अच्छी तरह से समझा और प्रश्न का सही उत्तर दिया और अंक प्राप्त किए, सिवाय **7(f)** के – 'शिक्षा' के बजाय 'शिक्षित शिक्षण' और **7(h)** – 'निडरता'के बजाय, निडर, सुरक्षा, आज़ादी, आजादी, रात में सड़को पर चलने जैसेउत्तर देने के कारण इन खंडों में अंक प्राप्त नहीं कर सके।

**प्रश्न 8–15**

ये प्रश्न अधिक चुनौतीपूर्ण होने थे। विवरण पर ध्यान देना और सटीक शब्दावली का उपयोग करना दोनों आवश्यक थे। कुछ ने अपर्याप्त विवरण के साथ एक या दो-शब्द के उत्तर दिए, जिससे अंक कम हो गए।


© 2025

**प्रश्न 8**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने वर्तनी की त्रुटियों के कारण अपने अंक खो दिए जैसे - बाड़, बाड़, बाद, भाड़, बंद, बहाड़। केवल कुछ ही सही उत्तर दे पाए जो 'बाढ़' था।

**प्रश्न 9**

कई परीक्षार्थियों ने गलत उत्तर लिखा-मोलाई, मोलाई की लकड़ी, बांस, मोलाई की काठी। सही उत्तर 'कोठानी' था।

**प्रश्न 10**

कई परीक्षार्थियों ने प्रश्न को समझा और सही उत्तर देने में सक्षम रहे, लेकिन कुछ ने वर्तनी की गलतियाँ कीं - धीरज, धूम, धूल, दम।

**प्रश्न 11**

कुछ परीक्षार्थी ऐसे थे जो सही उत्तर दे सके जबकि कुछ ने सही उत्तर नहीं दिया, उन्होंने केवल लिखा- पुवोत, भूत अभिशान्ति, गभिशपि, भारत के पूर्वतक अभिषारथी।

**प्रश्न 12**

इस प्रश्न का उत्तर अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही दिया। केवल कमज़ोर उम्मीदवारों को ही इससे जूझना पड़ा, जिससे पता चलता है कि यह अधिकांश के लिए अपेक्षाकृत सरल था। हालाँकि, वर्तनी की गलतियों या गलत उत्तरों जैसे कि शव, शवों, मरक, मर्कट, मर्कट, मरे हुए के कारण। सही उत्तर ‘मरघट’ था।

**प्रश्न 13**

कुछ ही परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिया। अन्य उम्मीदवारों ने अपने अंक खो दिए क्योंकि उन्होंने लिखा – पकड़ कर, बॉलबॉल, बात को मेरा देख कर, चर्चा देखकर, विनाशलीला देखकर। सही उत्तर था, ‘गांव की बातचीत सुनकर’ or ‘बातचीत सुनकर’ and ‘बात सुनकर’।

**प्रश्न 14**

कुछ परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर दिया, जबकि अन्य ने या तो यादृच्छिक या व्याकरणिक रूप से गलत उत्तर दिए, जैसे पक्षी, जीव जंतुओं, जंतुओं, जिसके परिणामस्वरूप अंकों का नुकसान हुआ।

**प्रश्न 15**

यह काफी चुनौतीपूर्ण था और कई परीक्षार्थियों ने जवाब देने की कोशिश की लेकिन व्याकरण की दृष्टि से सही नहीं था।

केवल कुछ परीक्षार्थी ही सही उत्तर दे पाए जबकि अधिकांश ने गलत उत्तरों के कारण अपने अंक खो दिए जैसे – पेड़ पौधे, सुंदरता, प्राकृतिक, संस्कृति, प्राकृतिक आकर्षण।


© 2025

**प्रश्न 16 प्रश्न 23**

ये बहुविकल्पीय प्रश्न थे। परीक्षार्थियों को तीन विकल्पों में से सही उत्तर चुनना था। इस खंड में कई उम्मीदवारों ने उच्च अंक प्राप्त किए। **प्रश्न 16**, **17**, **19**, **20**, **22** – अधिकांश परीक्षार्थी सही उत्तर देने में सक्षम थे। **प्रश्न 18** और **21** - उनमें से कुछ ने गलत विकल्प चुना, या तो A या C। **प्रश्न 23** – केवल कुछ छात्रों ने सही उत्तर दिया जबकि कुछ परीक्षार्थियों ने विकल्प A या B चुनने के कारण अपने अंक खो दिए।

**सारांश**

परीक्षार्थियों को रिकॉर्डिंग को बहुत ध्यान से सुनना चाहिए और अपने उत्तरों के लिए उपयुक्त विवरणों की पहचान करने और चयन करने में सक्षम बनाने के लिए तकनीक और रणनीति विकसित करनी चाहिए। कुछ प्रश्नों तक पहुँचने के लिए उभरती हुई हिंदी शब्दावली पर काम करने की आवश्यकता है और ध्वनियों और अक्षरों पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए, विशेष रूप से समान ध्वनि वाले अक्षरों पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षकों को भी कक्षा में नियमित रूप से अपने उम्मीदवारों के साथ श्रुतलेख गतिविधियाँ आज़मानी चाहिए। परीक्षार्थियों को कक्षा में सुनने के अभ्यास या समाचारों का जितना संभव हो उतना अभ्यास करना चाहिए और समयबद्ध परिस्थितियों में पिछले पेपर हल करने चाहिए। यह सब निश्चित रूप से समग्र मानक को बढ़ाने में मदद करेगा।


© 2025

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/03**
**Speaking**

## Key messages

- It is important to adhere to the stipulated timings for each part of the Speaking examination so as to be fair to all candidates. The timings should be Presentation, 2–3 minutes, Topic Conversation, 4–5 minutes and General Conversation, 4–5 minutes.
- ***Part 2, Topic Conversation*** and ***Part 3, General Conversation*** should be conducted as interactive sessions. Examiners should ask questions that lend themselves to answering in a variety of structures.
- Examiners should ensure that questions in both the Topic Conversation and General Conversation offer candidates plenty of opportunities to express opinions and justifications so as to reach the higher levels in the mark scheme. In a very small number of cases, questions were too long and not clear, which took a lot of time and made it difficult for candidates to follow up and respond. Examiners should not summarise candidates' answers.
- To achieve well in the conversation sessions, candidates need to demonstrate they can handle unexpected questions with natural and spontaneous responses.
- At least two topics should be covered in the General Conversation: one from Areas A–B and one from Areas C–D as set in the syllabus.

## Comments on specific questions

***Part 1: Presentation***

The candidates were generally well-prepared for the examination, there was a full range of performance. The topics heard this year were diverse. There were many examples of interesting presentations where candidates showed evidence of thorough research and planning. Topic related vocabulary was fluently used by most candidates. Some candidates showed the ability to use complex sentences to express ideas and opinions with confidence. The quality of weaker presentations was lacking in depth and spontaneity.

***Part 2: Topic Conversation***

The topic conversation should be an interactive conversation based on what candidates have said in their presentation. The timing for this part is 4–5 minutes to allow deeper discussions on the topic and the materials presented. Examiners should not ask questions which require candidates to repeat what they have already said in the Presentation, as this will restrict the range of language that candidates produce.

Most examiners were confident in conducting this part of the exam, some listened carefully to each candidate, asking a series of excellent searching questions pitched at a level and depth appropriate to this syllabus. However, this did not happen across all the different centres. The Topic Conversation was a repeat of the Presentation in some of the examples. The most successful conversations were those where examiners asked open ended questions that were relevant and logically linked to the content of the Presentation and gave candidates opportunities to provide further information, experience, opinions and justifications.


© 2025

***Part 3: General Conversation***

At least two topics should be covered in the General Conversation: one from Areas A–B, the other from Areas C–D. Topics chosen for the General Conversation should not overlap with the content of ***Part Two, Topic Conversation***. A full list of the topics can be found in the syllabus.

In the General Conversation, centres usually covered limited topic areas, mostly from Area A–B, Home life, School routine, Family, Eating out and Holiday. Many questions were not challenging enough for the level of IGCSE qualification. They were pitched at a basic level which did not give opportunity to provide extended responses for candidates to demonstrate their command of wider vocabulary and a variety of structures. The best performances were where candidates were given opportunities to provide extended responses where they could exhibit their command of the language, or when they were engaged in meaningful discussions, expressing and defending their own opinions in an interactive way.

**Conduct of the test**

The majority of examiners were familiar with the requirements of the IGCSE Hindi as a Second language Speaking Test. The best examples of Speaking Tests were where the examiners introduced the candidates, explained the three-part composition of the test, asked them to state the title of their chosen topic, introduced each part of the test and gave ample opportunities to demonstrate the full range of their ability. Some examiners left it to the candidate to introduce themselves and start their Presentation. It is recommended that candidates state the title of their presentation before they start. The timing of individual sections did not always comply with the guidance given in the syllabus. Part three was either too short or too long. Some of the questions were overly long statements which could have Yes/No answers. It did not give candidates opportunity to have an interactive discussion.

**Recorded sample: quality**

The quality of submitted recordings was mostly good.

**Application of the mark scheme**

The mark scheme was generally well understood and applied correctly. In cases where downward adjustments to marks were made, this was often where material from the presentation was repeated, the General Conversation did not comply with the syllabus requirement and so candidates had not presented new evidence of language/structures.


© 2025

# हिंदी दूसरी भाषा के रूप में

**Paper 0549/03**
**संभाषण परीक्षा**

**मुख्य संदेश**

- सभी परीक्षार्थियों के साथ निष्पक्षता बनाए रखने के लिए, संभाषण परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए निर्धारित समय, प्रस्तुति, 2–3 मिनट, विषय वार्तालाप, 4–5 मिनट और सामान्य वार्तालाप, 4–5 मिनट का पालन करना महत्वपूर्ण है।
- **भाग 2, विषय वार्तालाप** और **भाग 3, सामान्य वार्तालाप** को परस्पर संवादात्मक रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। परीक्षकों को ऐसे प्रश्न पूछने चाहिए, जिनका उत्तर विभिन्न संरचनाओं में दिया जा सके।
- परीक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विषय वार्तालाप और सामान्य वार्तालाप दोनों भागों में प्रश्न परीक्षार्थियों को अपनी राय और औचित्य व्यक्त करने के लिए भरपूर अवसर प्रदान करें, ताकि उनका आकलन मार्क स्कीम के उच्च स्तर तक के लिए हो सके। कुछ प्रश्न बहुत लंबे और अस्पष्ट थे, जिनको पूछने में बहुत समय लगा और परीक्षार्थियों के लिए उनका अनुसरण करना और उत्तर देना मुश्किल हो गया। परीक्षकों को परीक्षार्थियों के उत्तरों का सारांश नहीं देना चाहिए।
- वार्तालाप सत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए, परीक्षार्थियों को यह प्रदर्शित करना होगा कि वे स्वाभाविक और सहज प्रतिक्रियाओं के साथ अप्रत्याशित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।
- सामान्य वार्तालाप में कम से कम दो विषयों को शामिल किया जाना चाहिए: एक क्षेत्र ए-बी से और दूसरा क्षेत्र सी-डी से जैसा कि पाठ्यक्रम में निर्धारित है।

**विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ**

***भाग 1: प्रस्तुति***

परीक्षार्थी आम तौर पर परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार थे, प्रदर्शन की पूरी श्रृंखला थी। इस वर्ष सुने गए विषय विविध थे। रोचक प्रस्तुतियों के कई उदाहरण थे जहाँ परीक्षार्थियों ने गहन शोध और योजना के प्रमाण दिखाए। अधिकांश परीक्षार्थियों द्वारा विषय से संबंधित शब्दावली का धाराप्रवाह उपयोग किया गया था। कुछ परीक्षार्थियों ने विचारों और राय को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने के लिए जटिल वाक्यों का उपयोग करने की क्षमता दिखाई। कमजोर प्रस्तुतियों की गुणवत्ता में गहराई और सहजता की कमी थी।


© 2025

**भाग 2: विषय पर बातचीत**

इस भाग में परीक्षार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुति में कही गई बातों पर आधारित एक संवादात्मक बातचीत होनी चाहिए। इस भाग के लिए समय 4–5 मिनट निर्धारित है ताकि विषय और प्रस्तुत सामग्री पर गहन चर्चा की जा सके। परीक्षकों को ऐसे प्रश्न नहीं पूछने चाहिए, जिनमें परीक्षार्थियों को विषय-प्रस्तुति में पहले से कही गई बातों को दोहराना पड़े, क्योंकि इससे उनके कथन की भाषा सीमित हो जाएगी।

अधिकांश परीक्षक परीक्षा के इस भाग को आयोजित करने में आश्वस्त थे, कुछ ने प्रत्येक परीक्षार्थी की बात ध्यान से सुनी, तथा पाठ्यक्रम के अनुरूप स्तर और गहराई पर आधारित उत्कृष्ट अंवेषक प्रश्नों की एक श्रृंखला पूछी। हालाँकि, ऐसा सभी केंद्रों में नहीं हुआ। कुछ उदाहरणों में विषय वार्तालाप में भाग1 के प्रस्तुतिकरण को दोहराया गया था। सबसे सफल वार्तालाप वे थे, जहाँ परीक्षकों ने प्रासंगिक तथा तार्किक रूप से प्रस्तुतिकरण के विषय से संबंधित प्रश्न पूछे तथा परीक्षार्थियों को आगे की जानकारी, अनुभव, राय और औचित्य प्रदान करने का अवसर दिया।

***भाग 3: सामान्य वार्तालाप***

सामान्य वार्तालाप में कम से कम दो विषयों को शामिल किया जाना चाहिए: एक क्षेत्र A–B से, दूसरा क्षेत्र C–D से। सामान्य वार्तालाप के लिए चुने गए विषयों को **भाग दो, विषय वार्तालाप** से भिन्न होना चाहिए। सामान्य वार्तालाप के लिए विषयों की पूरी सूची पाठ्यक्रम में पाई जा सकती है।

सामान्य वार्तालाप में, कुछ केंद्रों ने ज्यादातर सीमित विषयों जैसे, क्षेत्र ए-बी से, गृह जीवन, स्कूल की दिनचर्या, परिवार, बाहर खाना और छुट्टी को चुना। बहुत से प्रश्न IGCSE योग्यता के स्तर के लिए पर्याप्त चुनौतीपूर्ण नहीं थे। उन्हें एक बुनियादी स्तर पर रखा गया था, जिससे परीक्षार्थियों को विस्तृत शब्दावली और विभिन्न संरचनाओं पर अपनी पकड़ दिखाने के लिए विस्तार से उत्तर देने का अवसर नहीं मिला। सबसे अच्छा प्रदर्शन तब हुआ जब परीक्षार्थियों को विस्तार से उत्तर देने का अवसर दिया गया, जहाँ वे भाषा पर अपनी पकड़ दिखा सके, या जब वे सार्थक चर्चाओं में लगे हुए थे और पारस्परिक तरीके से अपनी राय व्यक्त कर उसका बचाव कर रहे थे।

**परीक्षा का संचालन**

अधिकांश परीक्षक IGCSE हिंदी द्वितीय भाषा के रूप में संभाषण परीक्षा की आवश्यकताओं से परिचित थे। संभाषण परीक्षा के सबसे अच्छे उदाहरण वे थे जहाँ परीक्षकों ने परीक्षार्थियों का परिचय दिया, परीक्षा की तीन-भाग संरचना को समझाया, उन्हें अपने चुने हुए विषय का शीर्षक बताने के लिए कहा, परीक्षा के प्रत्येक भाग का परिचय दिया और अपनी क्षमता की पूरी श्रृंखला को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए। कुछ परीक्षकों ने परीक्षार्थियों को अपना परिचय देने और अपनी प्रस्तुति शुरू करने का काम उन पर छोड़ दिया। यह अनुशंसा की जाती है कि परीक्षार्थी शुरू करने से पहले अपनी प्रस्तुति का शीर्षक बताएँ। अलग-अलग खंडों का समय हमेशा पाठ्यक्रम में दिए गए मार्गदर्शन के अनुरूप नहीं था। भाग तीन या तो बहुत छोटा या बहुत लंबा था। कुछ प्रश्न बहुत लंबे कथन के रूप में थे जिनके उत्तर हाँ/नहीं हो सकते थे। इससे परीक्षार्थियों को संवादात्मक रूप से चर्चा करने का अवसर नहीं मिला।

**रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता**

सभी केंद्रों से भेजी गई रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता अधिकतर अच्छी थी।


© 2025

**मार्क स्कीम का अनुप्रयोग**

आंतरिक आकलन में मार्क स्कीम आम तौर पर अच्छी तरह से समझ कर लागू की गई थी। कुछ मामलों में परीक्षार्थी को दिए गए अंकों में बदलाव समायोजित किए गए। इसके कारण प्रस्तुति की सामग्री दोहराई जाने या पाठ्यक्रम के निर्देशों का पूरी तरह से पालन नहीं किए जाने के परिणाम स्वरूप परीक्षार्थी के व्याकरण सम्मत संभाषण कौशल, वाक्य संरचना और शब्द ज्ञान के नये/यथेष्ट प्रमाण नहीं मिल पाने थे।



© 2025